संक्षिप्त

दिनेश मिश्र का अभिनंदन किया

लालसोट, (निसं)। खादी ग्रामोद्योग समिति द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पीसीसी सदस्य दिनेश मिश्र का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। नवनियुक्त पीसीसी सदस्य मिश्र खादी ग्रामोद्योग समिति के अध्यक्ष होने के साथ प्रदेश की स्वायत शासन संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। इस दौरान वहां मौजूद नगरपालिका की शहर में शिक्षा मित्र का भी खादी ग्राम उद्योग समिति के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर पालिका के पार्षद राजेश सैनी सहित खादी ग्राम उद्योग समिति के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

सास-बहू सम्मेलन आयोजित

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। मंगलवार को जालसू ब्लॉक में डॉक्टर सुकृती भारद्वाज के निर्देशानुसार पीएचसी गुढा सुर्जन सब सेन्टर अनोपपुरा में 'मिशन परिवार विकास' के अन्तर्गत सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन के अनुभव को साझा करना और परिवार कल्याण के साधनों के लाभ को जानना है। इसी कड़ी में विवाह की सही उम्र पर चर्चा, पहले और दूसरे बच्चों में तीन साल का अन्तर हो,परिवार नियोजन के साधन स्थाई और अस्थाई साधनो के बारे में सम्पूर्ण जानकारी ,नई पहल किट के बारे में जानकारी विभाग के योजनाओं की जानकारी खेल के माध्यम से रोचक तरीके से दी गई। 10 सास 10बहू कुल 10 जोडो ने भाग लिया एएनएम शोभना पीके हैल्थ सुपरवाइजर संदीप कुमार शर्मा आशा सहयोगिनी कमला शर्मा उपस्थित रहे।

आर्थिक सहायता की

चौरु/उनियारा, (निसं)। उनियारा सैनी समाज की आरक्षण रैली के दौरान 15 सितम्बर को जाने के कारण समाज के लिए जेल जाने वाले उनियारा निवासी जोनी पुत्र शंकर लाल सैनी की पुलिस की मार से पैर में फेक्चर व तबियत अत्यंत खराब होने से उसके पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण समाज के भामाशाह ने मिलकर 21000 रुपए का चैक जॉनी व उसके पिता को दिया है। जिसमें राष्ट्रीय फुले बिग्रेड के महासचिव तेजपाल सैनी, टोंक माली समाज जिला उपाध्यक्ष हरिनारायण सैनी, उनियारा तहसील अध्यक्ष प्रभु लाल सैनी, कर्मचारी संघ तहसील अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी ने आर्थिक सहयोग के लिए मिशन चलाया है।

महाराज अग्रसेन की शाही लवाजमे के साथ निकली शोभायात्रा

पावटा, (निसं)। अग्रवाल महासभा पावटा द्वारा अग्रवाल समाज के कुलप्रवर्तक समाजवाद के प्रणेता महाराज अग्रसेन की 5146वीं जयंती सांवरमल मोदी, रामवतार अग्रवाल मोदी के मुख्य आतिथ्य व महेश गुप्ता टसकोला वाले की अध्यक्षता एवं पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल, डॉ. रवि गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई गई।

कस्बे के लक्ष्मी विलास गार्डन में कार्यक्रम की शुरूआत महाराज अग्रसेन के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद महाराज अग्रसेन की लवाजमे के साथ शोभा यात्रा निकली गयी। शोभा यात्रा नगर के मुय मार्गों से होती हुई वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां अग्रसेन जी की सजीव झांकी के आगे महाआरती का आयोजन हुआ। शोभा यात्रा में घोडा बग्गी व महाराज अग्रसेन की झांकी सहित अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई। वहीं झाकियों के आगे बैंड की धुन पर अग्र बन्धु व घडों पर गुडसवार चल रहे थे।

■ अग्रवाल महासभा द्वारा हर्षोल्लास से मनाई अग्रसेन जयंती

शोभायात्रा के बाद भामाशाह व छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया।

जगह जगह तोरण द्वार लगाये गये व पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। वहीं तहसील व नगर ब्राह्मण महासभा पावटा तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सुरेश नयाबासी, महामंत्री चंद्रप्रकाश गौड, सुरेश पत्रकार, दीपक शर्मा, सुरेश शर्मा, गजानंद टीलावत, विष्णु पटेल, आदर्श रामलीला मण्डल अध्यक्ष योगेश शर्मा, विकास पुजारी, मुकुंद माधव, रामशरण बोहरा, चेतन जोशी, हिमांशु शर्मा, ललित शर्मा सहित समाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा व जलपान करवाकर स्वागत किया गया। इसके बाद शाम को लक्ष्मी विलास गार्डन में भामाशाह व छात्र-छात्रा प्रतिभा समान समारोह आयोजित किया गया। जहां मंच व्यवस्था व्यापार मंडल संस्थापक किशन लाल गोयल, संरक्षक सीताराम कारौली वाले, दौलतराम ठीकरिया वाले, घनश्याम गोयल भोनावास वाले, कैलाश गर्ग छितौली वाले की गई।

इस मौके पर अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामज को एकजुटता के साथ समय-समय पर रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए, जिससे समाज में एकरूपता बनी रहती है। अतिथियों ने समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए योजना बनाकर कार्य करने तथा समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने की बात कही।

वही इस मौके पर जयपुर से आई तिलकधारी एंड पार्टी द्वारा रंगारंग राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम व कृष्ण भगवान के भजनों के साथ सजीव झांकियों की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस दौरान पावटा अग्रवाल महासभा पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल, पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, एडवोकेट दीपक गोयल, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, संतोष गुप्ता, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, अशोक मंगल, एम एम ग्रुप निदेशक मनोज मित्तल, सुशील चौधरी, पंकज जिंदल सहित बडी संया में अग्र बंधु व महिलाएं मौजूद रही।

'राम के आदर्शों को जीवन में उतारें'

निवाई, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका के तत्वावधान में आयोजित रामलीला का शुभारम्भ सोमवार की देर रात्रि समारोह पूर्वक किया गया। रामलीला का शुभारम्भ संत मनिषदास महाराज, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व उपध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया द्वारा फीता काटकर किया। शुभारम्भ समारोह में सम्बोधित करते हुए संत मनिष दास महाराज ने कहा कि रामलीला का आयोजन तब ही सफल होगा जब प्रत्येक व्यक्ति भगवान राम के आर्दश को अपने जीवन में उतारकर नि:स्वार्थ भावना से समाजसेवा के लिए कार्य करें। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि रामलीला आस्था का प्रतीक है। दशहरा बुराई व अहंकार पर विजय का प्रतीक है। नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया ने कहा कि मेंले पूर्वजो का अनुपम तोहफा है। इस अवसर पर प्रमुख उद्योगपति ओपी गुप्ता, नितिन छाबडा, बाबूलाल सैनी, दयाराम जाट, करणसिंह, भानु कुमावत, विनोद जायसवाल, विधिवत रूप से भगवान रामायणजी की आरती उतारकर रामलीला का शुभारम्भ किया।

गरबे पर थिरके युवक-युवतियां

फुलेरा, (निसं)। कस्बे में सोमवार को शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होने के साथ ही क्षेत्र में जगह-जगह पर गरबा महोत्सव का आगाज हुआ। जहां युवक युवतियों ने प्रथम दिन जमकर डीजे की धुन पर गुजराती डांडिया गीतों पर प्रस्तुतियां दी। नवयुवक शक्ति शिष्ट मण्डल फुलेरा के हनी सबनानी ने बताया कि मण्डल की गार्ड कॉलोनी स्थित एक मैरिज गार्डन परिसर में नौ दिवसीय गरबा महोत्सव की शुरुआत की गई है। जिसमें कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद विद्या सागर जोशी रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोनीत पार्षद गोरीशंकर सैनी, समाजसेवी राजकुमार सैनी, देवराज भाटी, रामेश्वर कारडिया रहे।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त सतेन्द्र सिंह शेखावत, पुत्र इन्दर सिंह शेखावत, निवासी मं.सं. डी-89, सत्या नगर, जोठवारा, जयपुर, राजस्थान ने case FIR No. 312/2016 U/s 379/411/482 IPC, थाना आई.जी.आई. एयरपोर्ट, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त सतेन्द्र सिंह शेखावत मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त सतेन्द्र सिंह शेखावत फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case FIR No. 312/2016 U/s 379/411/482 IPC, थाना आई.जी.आई. एयरपोर्ट, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त सतेन्द्र सिंह शेखावत से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 28.10.2022 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नबीला वली
ए.सी.एम.एम.-01
कोर्ट सं0 2, मेन बिल्डिंग,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/906/IGIA/2022-(Court Matter).

स्वराज संदेश यात्रा मालपुरा पहुंची

मालपुरा, (निसं)। स्थानीय समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सरकारी सहायता व योजनाओं पर आधारित रहने के बजाय जैविक खेती व परम्परागत खेती के तौर तरीकों को पुन: अपनाने व मृदा को स्वस्थ रखे जाने के उद्देश्य को लेकर वाग्धारा संस्था द्वारा निकाली जा रही स्वराज संदेश संवाद यात्रा 400 किमी का सफर कर मंगलवार को मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के प्रतापपुरा संवारिया पहुंची। संस्था के सचिव जयस जोशी ने बताया कि बढ़ती प्रतिस्र्दा के लालच में आज किसान परम्परागत पद्धति व जैविक खेती करने के बजाय रासायनिक उर्वरकों व दवाईयों का क्षमता से अधिक प्रयोग कर खेतों में उपजाऊ क्षमता को खत्म तो कर रहा है साथ ही रासायनिक पदार्थों से तैयार फसल मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी घातक साबित हो रही है तथा मृदा स्वास्थ्य के तीनों अंग खनिज, नमी व आवश्यक सुक्ष्म जीवाणु खत्म होते जा रहै है।

अग्रवाल समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं सामाजिक स्तर पर योगदान करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की गई।

अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों द्वारा शैक्षिणक क्षेत्र में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इसी तरह सामाजिक क्षेत्र में विभिन्न स्तर पर योगदान करने वाली प्रतिभाओं का माला एवं साफा पहना सहित प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज के युवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे एवं लालसोट नगर पालिका में मौजूदा समय में कार्यरत उल्हास अग्रवाल आदि का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका द्वारा अग्रवाल धर्मशाला का पट्टा बनाकर देने पर रख चेयरमैन रक्षा मित्र एवं पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र का भी आभार व्यक्त किया। इस दौरान गोविंद नारायण गोयल, रामप्रसाद गर्ग, जगदीश मंगल, गिरीश अग्रवाल, राजेश गोयल, विनोद गर्ग, मगनलाल जैन सहित अग्रवाल समाज के पदाधिकारी सदस्य गणमान्य महिला पुरुष आदि लोग मौजूद रहे।

लालसोट में अग्रवाल समाज द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने एवं सामाजिक स्तर पर योगदान करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी - अभिषेक कुमार, संपर्क नम्बर-7230013999 / 9874702021

IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना/एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से ऋणग्रहिता (ओं) व जमानती (यों) को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियाँ सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है तथा इन सम्पत्तियों की बिक्री 03.11.2022 को "जहाँ है जैसी है" "जो कुछ है यह हैं" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट होम फायनेन्स एवं कैपिटल फर्स्ट लि., आईडीएफसी बैंक लि.) को 09.10.2019 को बकाया रुपये 53,98,161/- की गौरी साडी कलेक्शन प्रो. गौरी मित्तल, गौरी मित्तल, विवेक मित्तल (ऋण ग्रहिता-सह ऋण ग्रहिता (ओं) से वसूली के लिये की जायेगी।

ऑक्शन स्टेट्स

आरक्षित मूल्य	रुपये 4500000/-
बयाना राशि जो जमा होगी	रुपये 450000/-
बोली प्रस्तुत करने / बयाना राशि जमा कराने की तिथि	02.11.2022 को सायं 5.00 तक
सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	25.10.2022 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक
नीलामी की तिथि	03.11.2022 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक
सम्पत्ति का विवरण	दुकान नं. 309, तीसरी मंजिल, नवजीवन प्लाजा, एम.आई. रोड, जयपर, राजस्थान-302001

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक को देखें अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC
अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के नाम से जाना जाता था)

स्थान - जयपुर
दिनांक- 27.09.2022

बालाजी को चढ़ाया चोला

महाकाल सेवा समिति ने पूजा कर बालाजी को चोला चढ़ाया।

श्रीमाधोपुर, (निसं)। पुलिस थाना श्रीमाधोपुर में स्थित बालाजी व शिव मंदिर में नवरात्रा के उपलक्ष में महाकाल सेवा समिति द्वारा बालाजी की पूजा अर्चना व बालाजी को सिंदूरी चोला चढ़ाकर व ध्वजा लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

महाकाल समिति के राजू बागवान ने बताया कि बालाजी मंदिर में कई लोगों ने दर्शन करके प्रसाद लेकर खुशियां मनाई।इस मौके पर थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौर व सभी थाना स्टाफ ने पूजा अर्चना की। महाकाल सेवा समिति के बागवान ने बताया कि महाकाल सेवा समिति के सदस्य केदार मल सैनी, अशोक सोनी, सुभाष, बंसी बिवाल, महेंद्र , मुकेश सैनी, प्रकाश सैनी ,कैलाश सैनी ,नाथू बजाज, अजय नांगलका, लालचंद सैनी ,जयप्रकाश सिंह ,रामस्वरूप, हेड कांस्टेबल जले सिंह, राजेंद्र कुमार ,बाबूलाल, सागरमल, कैलाश मीणा ,पंकज रूंडला, राजेंद्र महरिया, अमर चंद कांस्टेबल, सुनीता आदि थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

लता मंगेशकर स्मृति गायन प्रतियोगिता आज

श्रीमाधोपुर, (निसं)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की ओर से भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर की स्मृति में द्वितीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को प्रात: 11 बजे से डॉक्टर माधव सिंह हॉस्पिटल के पास स्थित स्व , चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष सागरमल शर्मा व सचिव फतेह चंद सोनी के अनुसार यह प्रतियोगिता श्रीमाधोपुर क्षेत्र की संगीत में उभरती महिलाओं के लिए नि:शुल्क आयोजित की जा रही है। क्लब के पूर्व सह प्रांतपाल डा.माधव सिंह एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव फ्रेंकलिन ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल महिलाएं एवं युवतियां ही भाग ले सकेंगी। प्रतियोगिता में केवल लता जी द्वारा गाए गाने , गजलो गीतों पर ही प्रस्तुति देनी होगी। प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक व 18 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के दो ग्रुप बनाए गए हैं, दोनों वर्गों में केवल 15 - 15 प्रविष्टियां ही स्वीकार की जाएंगी।

अलवर शहर में हो रही घटनाओं को लेकर प्रदर्शन किया

अलवर, (निसं)। अलवर शहर में हो रही घटनाओं को लेकर विरोध जताते बृजभूमि कल्याण परिषद के सदस्यों ने शहर में रैली निकाली और कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया।

अलवर शहर में लगातार हो रही घटनाओं और लंपी को लेकर मंगलवार को ब्रजभूमि कल्याण परिषद की ओर से शहर में विरोध रैली निकाली गई। इसके बाद कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

परिषद केअध्यक्ष डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि पूरे प्रदेश में लंपी बीमारी फैली है। सत्ता संघर्ष में लगी है। कांजी हाउस में कीचड में गौवंश दबा हुआ है। इस वायरस में भी कीचड़ को नहीं हटाया जा रहा। यहां लंपी वायरस से पहले कीचड व गंदगी के कारण गौवंश की मौत हो सकती हैं। प्रशासन को इसकी सुध लेने की जरूरत है। वहीं चारुल अग्रवाल को धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार किए जाएं, ताकि आमजन में डर का माहौल कम हो सके। अभी आए दिन शहर में व्यापारी व आमजन को धमकी दी जाने लगी है।

■ आमजन को मिल रही धमकियां व लंपी से मर रही गायों को लेकर विरोध जताया

परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि बुध विहार में कांजी हाउस है। यहां कीचड ही कीचड है। पिछले दिनों की बारिश के बाद बदहाली चरम पर पहुंच गई। गायों को दिन रात कीचड में रहना पडा है। इसके समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। जबकि इस मामले को लेकर दो तीन साल से शिकायत मिल रही है। फिर भी जिम्मेदार प्रशासन व सरकार ने कोई ठोकस कदम नहीं उठाया है। अब लंपी की बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए सरकार सुस्त है। जबकि यह वायरस दिनों दिन फैलता जा रहा है।

कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

Email ID:-lalsot.jaipur@yahoo.com Ph.-01431-260714

प्रारूप-13
(नियम-13 (2) देखिए)
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका लालसोट

क्रमांकः-न.पा.ला./3767 दिनांकः-27.09.2022

लोक सूचना

अद्योहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि नगर पालिका क्षैत्र, लालसोट के निम्न खसरा नम्बरों में स्थित भूमि या उसके भाग का 17 जून 1999 से बाद की कालावधि से गैर कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क की उपधारा (8) के अधीन पर्यवसित किए जाने के दायी है।

क्र. सं.	खसरा नम्बर	रकबा	राजस्व ग्राम	90-क हेतु प्रस्तावित रकबा	खातेदार का विवरण
1	30/18	0.8852 हैक्टेयर	सीतारामपुरा चक न. 3	सम्पूर्ण	कमला देवी पत्नी पुरणमल धोबी
2.	153	1.5300 हैक्टेयर	चांदसेन	सम्पूर्ण	अनिल कुमार पुत्र हरि शंकर शर्मा, ओमप्रकाश पुत्र कजोडमल शर्मा, कविता पत्नी दिनेश कुमार शर्मा कान्ता देवी पत्नी श्यामलाल कंडेरा, घनश्याम पुत्र कस्तुर चन्द सैनी, रामगोपाल पुत्र कजोडमल रामजीलाल पुत्र रामप्रताप मोडल्य विजय पुत्र राधेश्याम शर्मा, संतोष कुमार पुत्र हरिशंकर शर्मा, संतोष पुत्र अंजनीकुमार शर्मा, सुनिता पत्नी मोहन लाल बंसल सम्पति देवी पत्नी जगदीश प्रसाद खटीक।
3.	5008/ 1185	0.2529 हैक्टेयर	लालसोट	सम्पूर्ण	छिस्वशाह पुत्र गफूर शाह, मीठालाल पुत्र बद्रीनारायण
4.	186	1.13 हैक्टेयर	राजोली	सम्पूर्ण	गुल्ली देवी पत्नी भौरी लाल माली, सुशीला पत्नी सत्यनारायण महाजन, बृजकिशोर पुत्र रामकिशोर शर्मा, मन्जूलता पत्नी कुलदीप शर्मा, कृष्ण कुमार पुत्र बुद्धालाल, पार्वती पत्नी जगदीश प्रसाद माली रूकमणी देवी पत्नी राजाराम माली।

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिवस के भीतर-भीतर कारण बताए कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाए और इसलिए क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्ति निहित किया जा सके। यह सूचना में हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 27.9.22 को जारी की जाती है।

स्थान लालसोट

नोटः-संबंधित खातेदार इस लोक सूचना को व्यक्तिगत तामील भी समझें व कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका लालसोट में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

प्राधिकृत अधिकारी
(हस्ताक्षर, नाम और पदनाम)

क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन

सांभरझील, (निसं)। यहां आगामी एक अक्टूबर से 16 दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा। सांभर प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन विधायक निर्मल कुमावत ने किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, पार्षद आशीष कुमार गर्ग व टूर्नामेंट आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम को एक लाख का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए की नगद राशि,टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को एलईडी टीवी पारितोषिक के रूप में दिया जाएगा। यह पहली बार रात्रिकालीन टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह व्याप्त है। प्रीमियम लीग के सदस्य विक्रम सिंह शेखावत, अनिल वैष्णव ने बताया कि अभी तक 70 टीमों की ओर से प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए नाम भेजे जा चुके हैं।

पूर्व विधायक ने परिजनों का ढांढस बंधाया

किशनगढ़ बास, (निसं)। गांव मांचा के दलित युवक अशोक की मौत पर घर बैठने पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने पीड़ित परिवार का ढांढस बंधाया और कहा एसपी से मिलकर बात कर ली गई है न्याय होगा और जो जांच में दोषी पाएगा उसे सजा मिलेगी यह आश्वासन एसपी की ओर से दिया है।

उल्लेखनीय है कि किशनगढ़ बास से करीब 4 किलोमीटर दूर गांव माचा निवासी युवक अशोक नजदीक के गांव ओदरा के मोड़ पर सड़क किनारे लहूलुहान हालत में मृत अवस्था में पड़ा मिला था। जिसको लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए एक महिला के नामजद किशनगढ़ बास पुलिस को शिकायत दी गई है। जिसकी जांच एसपी ने एसआईटी टीम को सौंपी है। भाजपा के महामंत्री मनोज मित्तल ने बताया कि मंगलवार को पीड़ित परिवार के घर बैठने पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत यादव को परिजनों ने कहा पूरा अंदेशा है कि युवक अशोक कुमार की हत्या हुई है और प्रशासन इसको एक घटना बताकर एक्सिडेंट का रूप देना चहा रहा हे जिसको लेकर परिवार जनों में गुस्सा था।

किशनगढ़ बास के गांव माचा में युवक अशोक की हत्या पर पूर्व विधायक रामहेत यादव व भाजपा कार्यकर्ता परिजनों को ढांढ़स बंधाने पहुंचे।

इस दौरान मांचा सरपंच हनीफ खा ,मोठूका पूर्व मंडल अध्यक्ष छोटेलाल यादव मनोज मित्तल भाजयूमो अध्यक्ष पार्षद तेजसिह सैनी पूर्व पार्षद विश्वास यादव बलवीर खैरिया अशोक सैन हुसैनदीन हारून खा कुलदीप सिह इन्द्र जीत सिह धर्मेन्द्र मित्तल सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

दो माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज के द्वारा अवैध परिवहन के संबंध में फरार चल रहे मुलजिमों की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश देने के बाद जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया गया।

जयपुर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मेन्द्र यादव वृताधिकारी वृत गोविन्दगढ राजेश ढाका के सुपरविजन में कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की। सूचना संकलित कर उक्त घटना फरार चल रहे सह आरोपी मुल्जिम की तलाश की गई। जिस पर जितीन कुमावत को मुकदमा नंबर 165/2022 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार मुल्जिम जितीन कुमावत पुत्र जगदीश प्रसाद कुमावत उम्र 29 साल निवासी मलिकपुर तोरण थाना गोविन्दगढ़ जयपुर ग्रामीण का रहने वाला है।